सेवा में,

आश्वासन पत्र धारक,

<u>विषय : आश्वासन पत्र के लिए आयातित कोयले की आपूर्ति</u>

महोदय,

कोयले की आपूर्ति हेतु उस पत्र के अनुसार निधारित शर्तों को पूरा करने के लिए यह आपको जारी हमारे दिनांक ---------के पत्रांक (संदर्भ संख्या : एमसीएल/जीएम/विक्रय एवं विपणन/आश्वासन पत्र) के आश्वासन पत्र के संदर्भ में है।

जैसा कि आश्वासन पत्र में बताया गया है कि आपूर्ति की जाने वाली कोयले की मात्रा और ग्रेड केवल आश्वासक के खानों से नहीं बल्कि आयातित कोयले से भी हो सकता है।

इस संबंध में, हमने आपको यह सूचित किया है कि हमारे मौजूदा स्त्रोतों से कोयले की उपलब्धता के मुक़ाबले मांग की प्रतिबद्धताओं से उत्पन्न एक प्रचलित नकारात्मक कोयला संतुलन स्थिति है। ऐसे उपलब्धता की विस्तृत जानकारी पहले से ही वेबसाइट में उपलब्ध है।

परिणामस्वरूप, आपके इकाई को कोयले के वितरण (निर्धारित शर्तों को पूरा करने तथा एफ.एस.ए के निष्पादन हेतु) के लिए कोयले के आयात की आवश्यकता होगी। हम उसी के आधार पर स्वदेशी कोयले के साथ आयातित कोयले की आपूर्ति पर विचार करेंगे।

हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि आपूर्ति की जाने वाली आयातित कोयले की मात्रा हैडलिंग और सेवा शुल्क आदि पर उतराई की लागत से अधिक पर ली जाएगी। ऐसे हैडालिंग और सेवा शुल्क को समय समय पर सीआईएल द्वारा सूचित किया जाएगा।

आपसे अनुरोध है कि कृपया आप अपनी स्वीकृति की पुष्टि करे :

i) आयातित कोयले की आपूर्ति तथा
ii) ऊपर बताये गए शुल्कों के अनुसार।

इस मामले में, इस कार्यालय द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू करने से पहले इस तरह की पुष्टि की आवश्यकता होगी।

आपकी स्वीकृति हमे इस पत्र की दूसरी प्रति के साथ संलग्न रूप में अनुमोदित करके भेजे, पत्र सक्षम प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा कंपनी मुहर के साथ अनुमोदित करके ही भेजा जाना चाहिए।

भवदीय,